चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान)

के०जी० मेडिकल कालेज से सम्बद्ध चिकित्सालय के सुदृढ़ीकरण हेतु अनुदान

के० जी० मेडिकल कालेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, लखनऊ के सुदृढ़ीकरण हेतु वर्ष 1994-95 में 50,00,000 रुपये आवर्तक मद में तथा 10,00,000 रुपये अनावर्तक मद में व्यय होने का अनुमान है।

तदनुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 60,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी ।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-

05— चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान — (हजार रुपयों में)

105— पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति-

03— शिक्षा-

0357— किंग जार्ज मेडिकल कालेज, लखनऊ और गांधी मेमोरियल एण्ड एसोसियेटेड हास्पिटल, लखनऊ के अनुरक्षण के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय को अनुदान -

14-सहायक अनुदान / अशंदान / राज सहायता 60,00

राजकीय मेडिकल कालेज, आगरा, कानपुर, इलाहाबाद एवं मेरठ में डिप्लोमा फार्मेसी प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु उपकरणों का क्रय

राजकीय मेडिकल कालेज, आगरा, कानपुर, इलाहाबाद एवं मेरठ में डिप्लोमा फार्मेसी प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु उपकरण एवं साज-सज्जा की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। इसके लिये वर्ष 1994-95 में 8,00,000 रुपये व्यय होने की सम्भावना है।

तदनुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत - (हजार रुपयों में)

05— चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान -

105— पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति -

03— शिक्षा-

0360— मेडिकल कालेज, आगरा, कानपुर, इलाहाबाद एवं मेरठ में डिप्लोमा फार्मेसी प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना

20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 8,00

मेडिकल कालेज, आगरा में स्थापित गामा कैमरा को सुचारु रूप से चलाने हेतु पदों का सृजन

मेडिकल कालेज, आगरा के मेडिसिन विभाग में गामा कैमरा की स्थापना हो चुकी है और इसको सुचारु रूप से चलाने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। इस कार्य हेतु वर्ष 1994-95 में 72,000 रुपये का व्यय अनुमानित है अतः इतनी ही धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गयी है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त ही दी जायेगी।

2— व्यय का विभाजन :-

क्रम-संख्या	मद	पदों की संख्या	वेतनमान रु०
1	लैब टेक्नीशियन	1	1320-2040
2	फार्मेसिस्ट	1	1350-2200
3	कम्प्यूटर आपरेटर	1	1400-2300

3— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य--आयोजनागत—

05— चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान— (हजार रुपयों में)

105— पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति—

03— शिक्षा—

0300— मेडिकल कालेज, आगरा में स्थापित गामा कैमरा को चालू करने हेतु पदों का सृजन—

01— वेतन	12
03— महंगाई भत्ता	11
05— अन्य भत्ते	3
06— कार्यालय व्यय	14
32— अन्तरिम सहायता	4
33— अन्य व्यय	28
योग	72

प्रदेश के आगरा, कानपुर, इलाहाबाद, मेरठ, झाँसी तथा गोरखपुर मेडिकल कालेजों में इनसिनिरेटर की स्थापना

प्रदेश के राजकीय मेडिकल कालेजों के प्रांगण को स्वच्छ रखने हेतु इनसिनिरेटर की आवश्यकता है। इसके लिए वर्ष 1994-95 में 12,00,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है। अतः इतनी ही धनराशि की व्यवस्था आय-व्ययक में कर ली गई है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य—आयोजनागत—

05— चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान— (हजार रुपयों में)

105— पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति—

03— शिक्षा—

0300— राजकीय मेडिकल कालेज, मेरठ, आगरा, कानपुर, इलाहाबाद, झाँसी, गोरखपुर में इनसिनिरेटर की स्थापना—

20— मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 12,00

चिकित्सा विभाग (एलोपैथी चिकित्सा)

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें–आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रदेश के जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालयों में मेडिकल सर्जिकल उपकरणों की व्यवस्था	13,00	...	...	13,00	2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य	63 प
2	स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में कम्प्यूटर सेल की स्थापना	1,90	...	...	1,90	तदैव	63 प
3	महिला अस्पताल, लखनऊ का सुदृढ़ीकरण	2,17	...	...	2,17	तदैव	64 प
4	प्रदेश के विभिन्न जनपदों के ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना	12,75	...	...	12,75	तदैव	65 प
5	स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में लीगल सेल की स्थापना	1,89	...	...	1,89	तदैव	65 प
6	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना	1,46,96	...	...	1,46,96	तदैव	66 प
7	डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल, लखनऊ का सुदृढ़ीकरण, विस्तार एवं सुधार	91,92	...	...	91,92	तदैव	67 प
8	प्रदेश के चिकित्सालयों/औषधालयों हेतु अतिरिक्त पदों का सृजन	5,00	...	...	5,00	तदैव	69 प
9	प्रदेश के विभिन्न चिकित्सालयों एवं औषधालयों में जल सम्पूर्ति, विद्युतीकरण, नवीनीकरण एवं सुधार/विस्तार (जि०यो०)	...	22,00	...	22,00	4210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय	70 प
10	उपकेन्द्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जल सम्पूर्ति, विद्युतीकरण एवं नवीनीकरण	...	20,00	...	20,00	तदैव	70 प
	योग :	2,75,59	42,00	...	3,17,59		

चिकित्सा विभाग (एलोपैथी चिकित्सा)

प्रदेश के जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालयों में मेडिकल सर्जिकल उपकरणों की व्यवस्था

प्रदेश के जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालयों में मेडिकल सर्जिकल उपकरणों की कमी होने के कारण रोगियों के रोग की आवश्यक जाँच नहीं हो पाती है जिससे उनके रोग का निदान करने में अत्याधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अतः वर्ष 1994-95 में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सर्जिकल उपकरणों की व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव है। इस हेतु वर्ष 1994-95 में कुल 13,00,000 रुपये का अनावर्तक व्यय अनुमानित है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय–व्ययक में 13,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य –आयोजनागत – (हजार रुपयों में)

01— शहरी स्वास्थ्य सेवायें –पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति –

110— अस्पताल तथा औषधालय –

29— जिला एवं अन्य संबंधित कार्यालयों का सुदृढ़ीकरण (जिला योजना)

20–मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र 13,00

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में कम्प्यूटर सेल की स्थापना

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधीनस्थ प्रदेश भर में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के सेवा संबंधी मामलों और विभाग के अन्य महत्वपूर्ण मामलों को शीघ्र निपटाये जाने हेतु तथा निरन्तर बढ़ते हुए कार्य को सूचीबद्ध तथा सुसंगठित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में एक कम्प्यूटर तथा इसके संचालन हेतु एक प्रोग्रामर के पद को सृजित किये जाने का प्रस्ताव है। इस हेतु वर्ष 1994-95 में कुल 1,90,000 रुपये का व्यय अनुमानित है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय–व्ययक में 1,90,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—व्यय का विभाजन –

अपेक्षित कर्मचारी वर्ग

क्रमांक	पदनाम	वेतनक्रम रु०	पदों की संख्या
1	प्रोग्रामर	2200-4000	1

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत–

01— शहरी स्वास्थ्य सेवाएं-पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति–

001— निदेशन एवं प्रशासन–

01— निदेशन– (हजार रुपयों में)

01— वेतन	13
03— महंगाई भत्ता	12
20— मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	1,65
योग	1,90

महिला अस्पताल, लखनऊ का सुदृढ़ीकरण

महिला अस्पताल, लखनऊ में 19 शैय्याओं का वार्ड निर्मित हो चुका है। नवनिर्मित वार्ड को चालू करने हेतु पदों के सृजन पर कुल 2,17,000 रुपये का व्यय अनुमानित है।

तद्नुसार 1994-95 के आय-व्ययक में 2,17,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—-व्यय का विभाजन :-

अपेक्षित कर्मचारी वर्ग-

क्रम-सं०	पदनाम	वेतनमान(रुपये)	पदों की संख्या
1	सिस्टर	1640-2900	1
2	स्टाफ नर्स	1400-2600	2
3	वार्ड आया	750-940	2
4	स्वीपर	750-940	2
5	चौकीदार	750-940	1
6	कनिष्ठ लिपिक	950-1500	1
		योग:	9

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा-शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत- (हजार रुपयों में)

01— शहरी स्वास्थ्य सेवायें-पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति-

110— अस्पताल तथा औषधालय-

00— महिला अस्पताल, लखनऊ का सुदृढ़ीकरण

01— वेतन	70
03—महंगाई भत्ता	68
04— यात्रा व्यय	1
05— अन्य भत्ते	5
06— कार्यालय व्यय	–
32— अन्तरिम सहायता	5
33— अन्य व्यय(औषधि तथा वार्ड सामग्री एवं विद्युत व्यय)	68
योग:	2,17

प्रदेश के विभिन्न जनपदों के ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना

वर्ष 1994-95 में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में 15 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना प्रस्तावित है जिस पर 9,00,000 रुपये का आवर्तक एवं 3,75,000 रुपये अनावर्तक व्यय अनुमानित है।

तदनुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 की आय-व्ययक में 12,75,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य–आयोजनागत–

03— ग्रामीण स्वास्थ्य सेवायें–पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति – (हजार रुपयों में)

110— अस्पताल तथा औषधालय –

00— नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना –

01–वेतन	3,72
03–महंगाई भत्ता	3,72
04–यात्रा व्यय	36
05–अन्य भत्ते	37
06–कार्यालय व्यय	15
11–किराया, उप शुल्क और कर-स्वामित्व	5
20–मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	3,75
25–सामग्री और सम्पूर्ति	63
योग	12,75

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में लीगल सेल की स्थापना

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपने सेवा संबंधी विभिन्न न्यायालयों में दायर वादों की निरन्तर बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए उनके प्रभावी अनुश्रवण/ पैरवी करने के लिये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय स्तर पर एक लीगल सेल की स्थापनार्थ एक वरिष्ठ विधि अधिकारी, विधि अधिकारी एवं विधि सहायक के पदों के सृजन किये जाने हेतु प्राविधान कराये जाने का प्रस्ताव है। इस निमित्त वित्तीय वर्ष 1994-95 में कुल 1,89,000 रु० का व्यय अनुमानित है, जिसमें से आवर्तक मद में 1,74,000 रुपये तथा अनावर्तक मद में 15,000 रु० का व्यय निहित है। अतएव वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 1,89,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त दी जाएगी।

2—व्यय का विभाजन–

अपेक्षित कर्मचारी वर्ग–

क्रमांक	पदनाम	वेतन–क्रम	पदों की संख्या
1	वरिष्ठ विधि अधिकारी	3000-4500	1
2	विधि अधिकारी	2200-4000	1
3	विधि सहायक	1640-2900	2
		योग	4

3— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य –आयोजनागत	(हजार रुपयों में)–
01— शहरी स्वास्थ्य सेवायें–पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति –	
001— निदेशन एवं प्रशासन –	
01— निदेशन –	
01— वेतन	84
03— महंगाई भत्ता	81
05— अन्य भत्ते	5
06— कार्यालय व्यय	1
20— मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	15
32— अन्तरिम सहायता	3
योग:	1,89

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना

न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्र सरकार एवं केन्द्रीय योजना आयोग के मानकों के अनुसार प्रत्येक ब्लाक स्तर पर एक लाख की जनसंख्या पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य है । लक्ष्य की पूर्ति हेतु वर्ष 1994-95 में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव है जिस पर कुल 1,46,96,000 रुपये का व्यय अनुमानित है ।

तदनुसार वर्ष 1994-95 के आय–व्ययक में 1,46,96,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई । योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त दी जायेगी ।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य –आयोजनागत –	(हजार रुपयों में)
01— ग्रामीण स्वास्थ्य सेवायें–पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति –	
110— अस्पताल तथा औषधालय –	
12— सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना (जिला योजना)–	
01— निदेशन एवं प्रशासन –	
01— वेतन	11,08
03— महंगाई भत्ता	11,08
04— यात्रा व्यय	60
05— अन्य भत्ते	2,18
20— मशीनें और सज्जा/ उपकरण और संयंत्र	1,20,00
33— अन्य व्यय	2,02
योग:	1,46,96

डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल; लखनऊ का सुदृढ़ीकरण, विस्तार एवं सुधार

डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल, लखनऊ, पार्क रोड स्थित भवन के प्रांगण में आधुनिक सर्जिकल एवं इमरजेन्सी काम्पलैक्स का भवन वर्ष 1993-94 के अन्त तक बन कर तैयार होने वाला है । इस भवन में हृदय रोग विभाग, रक्तकोष, प्राइवेट वार्ड, रजिस्ट्रेशन काउंटर, वाहृय आकस्मिक सेवाएं, आकस्मिक आपरेशन थियेटर, पैथालाजी, एक्सरे विभाग एवं मुख्य तथा माइनर आपरेशन थियेटर आदि को कार्यशील किया जाना है । इसके संचालन हेतु पदों के सृजन पर आवर्तक मद में 29,97,000 रु० तथा अनावर्तक मद में 61,95,000 रु० का व्यय अनुमानित है ।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 91,92,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है । योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरांत दी जायेगी ।

2— व्यय का विभाजन :-

क्रम-सं०		अपेक्षित कर्मचारी वर्ग	वेतनमान (रु०)	पद संख्या
1		चिकित्सा अधिकारी		
	(क)	कार्डियालोजिस्ट (आई० सी० सी० यूनिट)	2200-4000	3
	(ख)	पैथालोजिस्ट (ब्लड बैंक)	तदैव	3
	(ग)	सीनियर पैथालोजिस्ट (ब्लड बैंक)	3000-4500	1
	(घ)	रेजीडेन्टल ब्लड बैंक अधिकारी	2200-4000	3
	(ङ)	ई० एम० ओ० वाहृय आकस्मिक सेवा	तदैव	1
	(च)	पैथालोजिस्ट (आकस्मिक पैथालोजी इकाई)	तदैव	3
2		ई० सी० जी० टैक्नीशियन (आई० सी०सी० यूनिट)	975-1600	3
3		सिस्टर (8 प्राइवेट वार्ड हेतु)	1640-2900	1
4		स्टाफ नर्स (8 पद आई० सी०सी० यूनिट, 2 पद प्राइवेट वार्ड, 3 पद आकस्मिक ओ० टी०,पद टी० यू० आर०, 3 पद सिटी स्केन	1400-2600	17
5		लैब टेक्नीशियन (6 पद रक्तकोष, 3 पद आकस्मिक पैथालोजी)	1320-2040	9
6		एक्सरे टेक्नीशियन (2 पद आकस्मिक एक्सरे विभाग, 3 पद सिटी स्केन)	1350-2200	5
7		फार्मेसिस्ट (3 पद वाहृय सेवा)	1350-2200	3
8		डार्करूम सहायक (2 पद आकस्मिक एक्सरे, 2 पद सी० डी० स्केन)	950-1500	4
9		रिसेप्शनिस्ट (रक्तकोष)	तदैव	1
10		वरिष्ठ सहायक (रक्तकोष)	1350-2200	1
11		कनिष्ठ लिपिक (1 पद रक्तकोष, 1 पद कार्यालय, 1 पद सिटी स्केन प्र० अ०)	950-1500	3
12		स्टीबर्ट (प्रमुख अधीक्षक कार्यालय)	975-1660	1
13		आशुलिपिक (तदैव)	1400-2300	1
14		कार्यालय अधीक्षक (तदैव)	1400-2600	1
15		रिकार्ड कीपर (1 पद तदैव,1 पद सी० टी० स्केन)	950-1500	2
16		रजिस्ट्रेशन क्लर्क (रजिस्ट्रेशन काउंटर 2 पद)	तदैव	2
17		वार्ड ब्वाय (2 पद आई सी० सी० यूनिट) 1 पद प्राइवेट वार्ड 1 पद रजिस्ट्रेशन काउंटर		

क्रम–सं०	अपेक्षित कर्मचारी वर्ग	वेतनमान (रु०)	पद संख्या
	4 पद वाह्य आकस्मिक ओ० टी०		
	4 पद प्राइवेट वार्ड ओ० टी०		
	2 पद आकस्मिक पैथालोजी		
	1 पद आकस्मिक एक्सरे		
	1 पद टी० यू० आर०		
	2 पद सिटी स्केन	750-940	18
18	आया		
	1 पद आई० सी० सी० यूनिट		
	1 पद आकस्मिक एक्सरे,		
	2 पद सिटी स्केन	750-940	4
19	सफाई कर्मचारी		
	3 पद आई सी० सी० यूनिट		
	2 पद रक्तकोष		
	1 पद प्राइवेट वार्ड		
	4 पद वाह्य आकस्मिक ओ० टी०		
	3 पद आकस्मिक पैथालोजी		
	2 पद आकस्मिक एक्सरे		
	1 पद टी० यू० आर०		
	3 पद सिटी स्केन	750-940	23
20	लैब अटेन्डेन्ट (2 पद आकस्मिक पैथालोजी 6 पद रक्तकोष)	750-940	8
21	चपरासी (प्रमुख चिकित्सा कार्यालय 3 पद)	750-940	3
22	वाहन चालक (एम्बुलेंस)	950-1500	5
		कुल योग	129

3— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत –

01— शहरी स्वास्थ्य सेवाएं–पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति – (हजार रुपयों में)

110— अस्पताल तथा औषधालय–

23— डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल, लखनऊ का सुदृढ़ीकरण, विस्तार एवं सुधार

01— वेतन	10,45
03— महंगाई भत्ता	10,14
04— यात्रा व्यय	25
05— अन्य भत्ते	1,95
06— कार्यालय व्यय	75
20— मशीनें और सज्जा / उपकरण और संयंत्र	61,95
25— सामग्री और सम्पूर्ति (औषधि)	45
32— अन्तरिम सहायता	78
33— अन्य व्यय	5,20
योग	91,92

प्रदेश के चिकित्सालयों/औषधालयों हेतु अतिरिक्त पदों का सृजन

प्रदेश के विभिन्न चिकित्सालयों/औषधालयों में निर्धारित मानक के अनुसार पद उपलब्ध नहीं हैं। पदों की कमी से चिकित्सा व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित करने में समय-समय पर कठिनाई महसूस की जाती है। वित्तीय वर्ष 1994-95 में प्रदेश के 3 जनपदों में मानक के अनुसार अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रस्ताव है। उक्त जनपदों में पदों के सृजन पर वित्तीय वर्ष 1994-95 में 5,00,000 रुपये की धनराशि का व्यय अनुमानित है।

तदनुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 5,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2—व्यय का विभाजन—

अपेक्षित कर्मचारी-वर्ग—

क्रम-सं०	पदनाम	वेतनमान (रु०)	बाराबंकी	मैनपुरी	सुल्तानपुर	योग
1	सिस्टर	1640-2900	1	4	3	8
2	स्टाफ नर्स	1400-2600	3	1	...	4
3	वार्ड व्वाय	750-940	6	...	...	6
4	स्वीपर	750-940	7	5	...	12
5	लैब अटेन्डेन्ट	750-940	...	1	...	1
6	अर्दली/चपरासी	750-940	...	7	...	7
7	डार्क रूम सहायक	950-1500	...	1	...	1
8	रजिस्टर-कम-रिकार्ड कीपर	950-1500	...	2	1	3
		योग :	17	21	4	42

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :—

(हजार रुपयों में)

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य—आयोजनागत—

01— शहरी स्वास्थ्य सेवायें-पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति—

110— अस्पताल तथा औषधालय—

28— चिकित्सालयों/औषधालयों में मानक के अनुसार अतिरिक्त पदों का सृजन—

01— वेतन	2,20
03— महंगाई भत्ता	2,00
04— यात्रा व्यय	60
05— अन्य भत्ते	20
योग	5,00

प्रदेश के विभिन्न चिकित्सालयों एवं औषधालयों में जल सम्पूर्ति, विद्युतीकरण, नवीनीकरण एवं सुधार/विस्तार

(जिला योजना)

वर्ष 1994-95 में प्रदेश के विभिन्न चिकित्सालयों एवं औषधालयों में उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु उनके भवनों में सुधार, विस्तार तथा जल सम्पूर्ति, विद्युतीकरण एवं नवीनीकरण आदि की व्यवस्था कराये जाने का प्रस्ताव है। योजना पर कुल 22,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है।

तदनुसार 1994-95 के आय-व्ययक में 22,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

4210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय—आयोजनागत—

01— शहरी स्वास्थ्य सेवायें—

110— अस्पताल तथा औषधालय— (हजार रुपयों में)

10— शहरी क्षेत्रों के चिकित्सालयों के लिये जल सम्पूर्ति एवं विद्युत व्यवस्था का नवीनीकरण एवं सुधार आदि की व्यवस्था—

33— अन्य व्यय— 22,00

उपकेन्द्रों / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जल सम्पूर्ति, विद्युतीकरण एवं नवीनीकरण

प्रदेश के विभिन्न जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पुराने उपकेन्द्रों/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व अन्य राजकीय चिकित्सालयों में समुचित चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु उनके भवनों में सुधार, विस्तार, जल सम्पूर्ति और विद्युतीकरण कराना आवश्यक है। इस उद्देश्य से वर्ष 1994-95 में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित उपकेन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व अन्य राजकीय चिकित्सालयों पर जल सम्पूर्ति, विद्युतीकरण और नवीनीकरण हेतु 20,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है।

तदनुसार वर्ष 1994-95 के आय–व्ययक में 20,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

(हजार रुपयों में)

4210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय —आयोजनागत—

02— ग्रामीण स्वास्थ्य सेवायें –

103— प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र -

04— प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व उपकेन्द्र में जल सम्पूर्ति, विद्युतीकरण एवं नवीनीकरण –

33–अन्य व्यय 20,00

न्याय विभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जनपद कानपुर तथा गाजियाबाद में न्यायालय भवनों का निर्माण	...	2,00,00	...	2,00,00	4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय	73 प
	योग :	...	2,00,00	...	2,00,00		

न्याय विभाग

जनपद कानपुर तथा गाजियाबाद में न्यायालय भवनों का निर्माण

जनपद कानपुर तथा गाजियाबाद के निर्माणाधीन सिविल कोर्ट के न्यायालय हेतु रुपया एक-एक करोड़ अर्थात् कुल दो करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 2,00,00,000 रुपये की धनराशि सम्मिलित कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

	(हजार रुपयों में)
4059— लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-	
01— कार्यालय भवन-	
051— निर्माण-	
04— जनपद कानपुर में न्यायालय भवन का निर्माण	1,00,00
18—वृहत् निर्माण कार्य	
05— जनपद गाजियाबाद में न्यायालय भवन का निर्माण	
18—वृहत् निर्माण कार्य	1,00,00
योग	2,00,00

पर्यटन विभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें--आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जापानी सहायता से दोहरीघाट एवं गाजीपुर में मार्गीय सुविधाओं का निर्माण	...	1,83,72	...	1,83,72	5452--पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय	77 प
2	उ० प्र० राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित आवासीय इकाइयों का जीर्णोद्धार एवं उच्चीकरण	...	3,04	...	3,04	तदैव	77 प
3	संकिसा (फर्रुखाबाद) में मार्गीय सुविधा का निर्माण	...	25,45	...	25,45	तदैव	78 प
4	श्रावस्ती (बहराइच) में मार्गीय सुविधा का निर्माण	...	25,45	...	25,45	तदैव	78 प
5	कुशीनगर (देवरिया) में मार्गीय सुविधा का निर्माण	...	25,45	...	25,45	तदैव	78 प
	योग :	...	2,63,11	...	2,63,11		

पर्यटन विभाग

जापानी सहायता से दोहरीघाट एवं गाजीपुर में मार्गीय सुविधाओं का निर्माण

उत्तर प्रदेश में ओ०ई०सी०एफ० जापान की सहायता से बौद्ध परिपथ परियोजना संचालित है। उक्त योजना के अन्तर्गत बौद्ध तीर्थ स्थलों के विकास की योजना स्वीकृत है। वाराणसी, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर प्रमुख नगर हैं जिनसे होकर लाखों की संख्या में बौद्ध पर्यटक/यात्री सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, पिपंरहवा, कौशाम्बी, संकिसा आदि स्थानों पर जाते हैं। उक्त तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु वाराणसी-गोरखपुर मार्ग पर वाराणसी से 78 कि०मी० की दूरी पर स्थित गाजीपुर एवं गाजीपुर से 75 कि०मी० पर स्थित दोहरीघाट में मार्गीय सुविधाओं के निर्माण का प्रस्ताव है ताकि लम्बी दूरी के पर्यटकों को बीच में विश्राम का अवसर सुलभ हो सके। उक्त योजनायें जापानी सहायता के अन्तर्गत स्वीकृत हैं। मार्गीय सुविधा गाजीपुर के लिये 1,00,80,000 रुपये एवं मार्गीय सुविधा दोहरीघाट के लिये 1,01,50,000 रुपये का आगणन ओ०ई०सी०एफ० द्वारा स्वीकृत है। उक्त दोनों मार्गीय सुविधाओं पर 2,02,30,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है। इसमें से 18,58,000 रुपये पूर्व में स्वीकृत हो चुका है। अतः अवशेष 1,83,72,000 रुपये की व्यवस्था वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

(हजार रुपयों में)

5452— पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-

80— सामान्य-

104— संवर्धन तथा प्रचार-

37— जापानी सहायता (वाह्य सहायता) से कार्यान्वित की जाने वाली बौद्ध परिपथ परियोजना के अन्तर्गत जनपद गाजीपुर एवं जनपद मऊ, दोहरीघाट में मार्गीय सुविधाओं का निर्माण (ओ० ई० सी० एफ० जापान द्वारा पोषित)

18— वृहत् निर्माण कार्य — 1,83,72

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित आवासीय इकाइयों का जीर्णोद्धार एवं उच्चीकरण

उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित 21 आवासीय इकाइयों के जीर्णोद्धार एवं उच्चीकरण हेतु वित्तीय वर्ष 1989-90 के लिये 65,40,000 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुये 20,45,000 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी। पुनः वित्तीय वर्ष 1991-92 में प्रश्नगत कार्य के लिये 22,16,000 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी। इस प्रकार इस कार्य के लिये अब तक कुल 42.61 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है और 22,79,000 रुपये स्वीकृत किया जाना शेष है।

2—जिन इकाइयों का उच्चीकरण अब किये जाने का प्रस्ताव है उसमें से जगदीशपुर, कछला, सारनाथ, मुजफ्फरनगर, ताजखेड़ा, मथुरा तथा गोकुल की कुल सात परियोजनायें घाटे में चलने के कारण उनके निजीकरण का प्रस्ताव है। अतः अब केवल बरेली, चित्रकूट, महोबा, रायबरेली व शाहजहांपुर की इकाइयों के लिये ही व्यवस्था की जानी शेष है। उक्त परियोजनाओं पर 3,04,000 रुपये का व्यय भार निहित है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गयी है।

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

(हजार रुपयों में)

5452— पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-

80— सामान्य-

104— संवर्धन एवं प्रचार-

190— सार्वजनिक तथा अन्य क्षेत्रों में निवेश-

03— उ०प्र० राज्य पर्यटन विकास निगम में पूंजी विनियोजन-

24— निवेश/ऋण — 3,04

संकिसा (फर्रुखाबाद) में मार्गीय सुविधा का निर्माण

संकिसा बौद्ध परिपथ का प्रमुख स्थल है। यह फर्रुखाबाद से 30 कि०मी० की दूरी पर है। यहां बौद्ध कालीन पुरातात्विक वस्तुएं हैं। यहां प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में देशी/विदेशी पर्यटक भ्रमण हेतु आते हैं। पर्यटकों की सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु यहां पर एक मार्गीय सुविधा के निर्माण का प्रस्ताव है। इस योजना पर कुल 25,45,000 रुपये व्यय होगा। राज्य सरकार का दायित्व भूमि उपलब्ध कराने, भूमि के विकास तथा विद्युतीकरण आदि तक ही सीमित होगा। प्रश्नगत मार्गीय सुविधा पर वित्तीय वर्ष 1994-95 में 25,45,000 रु० व्यय किया जाना है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

5452— पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय—आयोजनागत (हजार रुपयों में)

80— सामान्य

104— संवर्धन तथा प्रचार

01— केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें

0100— संकिसा (फर्रुखाबाद) में मार्गीय सुविधा का निर्माण

18—वृहत् निर्माण कार्य 25,45

श्रावस्ती (बहराइच) में मार्गीय सुविधा का निर्माण

श्रावस्ती, बहराइच जनपद में बलरामपुर से 17 कि०मी० की दूरी पर स्थित है। यह कौशल देश की राजधानी थीं और भगवान बुद्ध ने यहां पर वर्षा ऋतु व्यतीत की थी। अंगुलीमाल भगवान बुद्ध को यहीं पर मिला था। यहां पर प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में देशी एवं विदेशी पर्यटक आते हैं। पर्यटकों को सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु यहां पर एक मार्गीय सुविधा के निर्माण का प्रस्ताव है। इस योजना पर कुल 25,45,000 रुपये व्यय होगा। राज्य सरकार का दायित्व भूमि उपलब्ध कराने, भूमि के विकास तथा विद्युतीकरण आदि तक ही सीमित होगा। प्रश्नगत मार्गीय सुविधा पर वित्तीय वर्ष 1994-95 में 25,45,000 रु० व्यय किया जाना प्रस्तावित है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन—

5452— पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत (हजार रुपयों में)

80— सामान्य

104— संवर्धन तथा प्रचार

01— केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें

0100— श्रावस्ती (बहराइच) में मार्गीय सुविधा का निर्माण

18—वृहत् निर्माण कार्य 25,45

कुशीनगर (देवरिया) में मार्गीय सुविधा का निर्माण

कुशीनगर, देवरिया जनपद में गोरखपुर से 55 कि०मी० की दूरी पर स्थित है। यहाँ पर बौद्ध धर्म के प्रवर्तक भगवान बुद्ध ने महानिर्वाण प्राप्त किया था। भगवान बुद्ध की एक लेटी हुई प्रतिमा एवं बौद्ध स्तूप यहां पर है। दक्षिण पूर्व एशिया से लाखों की संख्या में विदेशी पर्यटक यहां आते हैं। पर्यटकों को पर्यटन सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु यहां पर एक मार्गीय सुविधा के निर्माण का प्रस्ताव है। इस योजना पर कुल 25,45,000 रुपये का व्यय होगा। राज्य सरकार का दायित्व भूमि उपलब्ध कराने, भूमि के विकास तथा विद्युतीकरण आदि तक ही सीमित होगा। प्रश्नगत मार्गीय सुविधा पर वित्तीय वर्ष 1994-95 में 25,45,000 रुपये व्यय किया जाना है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में इतनी ही धनराशि की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजनः-

5452— पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत (हजार रुपयों में)

80— सामान्य

104— संवर्धन तथा प्रचार

01— केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें

0100— कुशीनगर (देवरिया) में मार्गीय सुविधा का निर्माण

18—वृहत् निर्माण कार्य 25,45

प्राविधिक शिक्षा विभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, मेरठ के अपने निजी भवन निर्माण हेतु भूमि का क्रय	...	20,00	...	20,00	4202–शिक्षा, खेल-कूद, कला एवं संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय	81 प
2	राजकीय पालीटेक्निक, सहारनपुर एवं बिजनौर के निजी भवनों हेतु अधिग्रहीत भूमि के प्रतिकर का भुगतान	...	38,00	...	38,00	तदैव	81 प
	योग :	...	58,00	...	58,00		

प्राविधिक शिक्षा विभाग

क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, मेरठ के अपने निजी भवन निर्माण हेतु भूमि का क्रय

क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, मेरठ का अपना निजी भवन न होने के कारण अभी तक संस्था किराए के भवन में चल रही है। संस्था के अपने निजी भवनों के निर्माण हेतु मेरठ विकास प्राधिकरण से 2,000 वर्ग मीटर भूमि क्रय किए जाने का प्रस्ताव है। भूमि उपलब्ध हो जाने पर प्रश्नगत क्षेत्रीय कार्यालय के भवनों का निर्माण विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत कराया जाना प्रस्तावित है। मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा इस क्षेत्रीय कार्यालय के लिए पांडव नगर आवासीय योजना में प्रश्नगत भूखण्ड आवंटित किया गया है। इस निमित्त 20,00,000 रु० की आवश्यकता है।

तदनुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 20,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

4202— शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय—आयोजनागत—

	(हजार रुपयों में)
02— तकनीकी शिक्षा—	
104— **बहुशिल्प**—	
00— क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, मेरठ के लिए भूमि का क्रय— 18–वृहत् निर्माण कार्य	20,00

राजकीय पालीटेक्निक, सहारनपुर एवं बिजनौर के निजी भवनों हेतु अधिग्रहीत भूमि के प्रतिकर का भुगतान

राजकीय पालीटेक्निक, सहारनपुर एवं राजकीय पालीटेक्निक, बिजनौर के लिए अपने निजी भवनों के निर्माण हेतु अधिग्रहीत की गयी भूमि के प्रतिकर के भुगतान हेतु क्रमशः 12,00,000 रुपये एवं 26,00,000 रुपये कुल 38,00,000 रुपये की अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है।

तदनुसार वर्ष 1994-95 के आय–व्ययक में 38,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

4202— शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय—आयोजनागत—

	(हजार रुपयों में)
02— तकनीकी शिक्षा—	
104— **बहुशिल्प**—	
00— राजकीय पालीटेक्निक, बिजनौर के भूमि प्रतिकर के भुगतान हेतु—	
18–वृहत् निर्माण कार्य	26,00
00— राजकीय पालीटेक्निक, सहारनपुर के भूमि प्रतिकर के भुगतान हेतु—	
18–वृहत् निर्माण कार्य	12,00
योग ...	38,00

लोक निर्माण विभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रदेश के विभिन्न मार्गों पर पुलों एवं राज्य मार्गों का निर्माण	...	18,86,33	...	18,86,33	5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय	85 प
2	प्रदेश के विभिन्न मार्गों पर पुलों एवं जिला मार्गों का निर्माण	...	15,71,96	...	15,71,96	तदैव	85 प
	योग	...	34,58,29	...	34,58,29		

लोक निर्माण विभाग

प्रदेश के विभिन्न मार्गों पर पुलों एवं राज्य मार्गों का निर्माण

प्रदेश के विभिन्न मार्गों पर पड़ने वाली नदियों पर पुल न होने के कारण उक्त मार्गों का पूरा उपयोग नहीं हो पाता है तथा कतिपय महत्वपूर्ण जिला मार्गों को राज्य मार्गों में परिवर्तित करना तथा विद्यमान राज्य मार्गों की चौड़ा करने एवं सुदृढ़ीकरण किये जाने की भी आवश्यकता है । अतः जनता की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए वर्ष 1994-95 में राज्य सेक्टर से सड़कों एवं पुलों के लिए 18,86,33,000 रु० (अधिष्ठान रहित) के नये कार्य प्रस्तावित हैं ।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्यय में 18,86,33,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। योजनाओं की विस्तृत स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी ।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा-शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

5054— सड़कों और सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत - (हजार रुपयों में)

337— सड़क कार्य-पुलों का निर्माण (राज्य सेक्टर)

1— सर्वेक्षण एवं अनुसंधान	39,30
2— प्लांट एवं मशीनरी	78,59
3— वृहत् सेतुओं का निर्माण	4,71,59
4— राज्य मार्गों पर फ्लाई ओवर एवं उप मार्ग	66,81
5— पान्टून सेतु	1,01,39
6— राज्य मार्गो का पुनः निर्माण	5,81,62
7— प्रमुख जिला मार्गों का पुनः निर्माण	3,36,40
8— नव सृजित जनपदों के पहुँच मार्ग	78,59
9— ग्रामीण मार्गों का निर्माण	27,51
10— औद्योगिक क्षेत्र के कार्य	78,59
11— धार्मिक स्थलों से संबंधित निर्माण कार्य	25,94
योग	18,86,33

प्रदेश के विभिन्न मार्गों पर पुलों एवं जिला मार्गों का निर्माण

प्रदेश की आवश्यकता को देखते हुये प्रदेश में मार्गों की बहुत कमी है इससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है । इसके अतिरिक्त कतिपय नदियों पर लघु सेतु न होने के कारण उक्त मार्गों का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता है । अतः जनसाधारण की आवश्यकताओं को देखते हुए जिला मार्गों एवं उन पर पड़ने वाले पुलों का निर्माण अति आवश्यक है । इन कार्यों के लिए वर्ष 1994-95 में जिला सेक्टर से 15,71,96,000 रु० (अधिष्ठान रहित धनराशि की मांग) की आवश्यकता है ।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्यय में 15,71,96,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। योजनाओं की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी ।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशियों का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

5054— सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत - (हजार रुपयों में)

04— जिला तथा अन्य सड़कें

337— सड़क निर्माण कार्य-जिला योजना 1994-95

1— खड़ंजा स्तर तक निर्मित मार्ग	4,11,85

	(हजार रुपयों में)
2— छूटी कड़ियों का नवनिर्माण	58,16
3— ग्रामीण मार्गों का नवनिर्माण (अम्बेदकर ग्राम सहित)	4,59,80
4— लघु सेतुओं का निर्माण	2,37,37
5— सेतुओं के पहुंच मार्गों का निर्माण	60,52
6— पान्टून सेतुओं का निर्माण	12,58
7— मुख्य जिला मार्गों का पुनः निर्माण	
(क) जिला तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाले प्रमुख जिला मार्ग	13,36
(ख) धार्मिक स्थलों/पर्यटनों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जिला मार्ग	3,93
(ग) अन्य महत्वपूर्ण जिला मार्गों का सुधार	32,22
8— अन्य जिला मार्गों का पुनः निर्माण	1,17,11
9— ग्रामीण मार्गों का पुनः निर्माण	1,65,06
योग	15,71,96

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	उ० प्र० राजकीय वेधशाला, नैनीताल का सुदृढ़ीकरण	4,15	...	...	4,15	3425—अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान	89 प
	योग :	4,15	...	...	4,15		

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

उत्तर प्रदेश राजकीय वेधशाला, नैनीताल का सुदृढ़ीकरण

उ०प्र० राजकीय वेधशाला, नैनीताल, भारत में खगोल भौतिकी के क्षेत्र में एक प्रमुख शोध संस्थान है। वेधशाला का प्रमुख उद्देश्य खगोल भौतिकी के क्षेत्र में शोध करना तथा शोध में प्रेक्षणात्मक तथा व्याख्यात्मक कार्य करना है। वेधशाला में इस शोध कार्य हेतु 38 से.मी., 52 से.मी. , 56 से.मी. तथा 104 से.मी. व्यास की 4 दूरबीनें हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध कार्य करने हेतु इन दूरबीनों के समुचित उपयोग के लिए इस संस्था में उपलब्ध सुविधाओं, उपकरणों, संयंत्रों का विकास एवं उनका सुदृढ़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही वेधशाला में आवश्यक पदों का सृजन भी आवश्यक है। अतः संस्थान में सौर-सक्रियता के अध्ययन हेतु अनुभवी वैज्ञानिकों, तकनीशियनों तथा सहायकों की सौर सक्रियता पर शोध कार्य हेतु पदों के अलग से सृजन की मांग न करते हुए वेधशाला की वैक्युम आप्टिकल स्पार दूरबीन योजना हेतु स्वीकृत पदों को संविलीन किये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना पर वर्ष 1994-95 में 4,15,000 रुपये के व्यय का अनुमान है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 4,15,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। योजना की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2— व्यय के अनुमान–

(क) कुल परिव्यय (1992-97) — 4,15,000 रुपये

(ख) अन्तिम आवर्तक व्यय — 4,15,000 रुपये

3—व्यय का विभाजन–

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग–

		वेतन-क्रम	संख्या
(1)	ज्योतिर्विद	रु० 3700-5000	1
(2)	सहायक ज्योतिर्विद	रु० 3000-4500	1
(3)	सिस्टम मैनेजर (कम्प्यूटर्स)	रु० 3000-4500	1
(4)	तकनीशियन	रु० 1200-2040	2
(5)	प्रयोगशाला सहायक	रु० 750-940	1
		योग	6

4— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन–

(हजार रुपयों में)

3425— अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान–आयोजनागत–

60— अन्य–

004— अनुसंधान तथा विकास–

03— उ०प्र० राजकीय वेधशाला, नैनीताल का सुदृढ़ीकरण–

01—	वेतन	1,58
02—	महंगाई भत्ता	1,41
04—	यात्रा व्यय	05
05—	अन्य भत्ते	39
15—	छात्रवृत्तियां और छात्र वेतन	65
32—	अन्तरिम सहायता	07
	योग :	4,15

शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा)

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें –आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्राध्यापकों द्वारा विदेशों में सम्मेलनों तथा सेमिनारों में भाग लेने हेतु अनुदान	1	...	...	1	2202–सामान्य शिक्षा	93 प
	योग :	1	...	...	1		

शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा)

प्राध्यापकों द्वारा विदेशों में सम्मेलनों तथा सेमिनारों में भाग लेने हेतु अनुदान

प्राध्यापकों शोध छात्रों, विद्वानों आदि को विदेशों में आयोजित सम्मेलनों तथा सेमिनारों में भाग लेने हेतु यात्रा अनुदान दिया जाता है। वर्तमान में यात्रानुदान की दरें निम्नवत् है :-

1-एशियाई देशों के लिये	2000 रुपये
2-यूरोपीय देशों तथा जापान के लिये	3000 रुपये
3-पश्चिमी देशों तथा आस्ट्रेलिया के लिये	4000 रुपये

उक्त दरें बहुत पुरानी हैं। वर्तमान में हवाई जहाज के किराये में बहुत अधिक वृद्धि हो चुकी है। अतः उक्त दरों में निम्न प्रकार वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव है :-

1-एशियाई देशों के लिये	5000 रुपये
2-यूरोपीय देशों तथा जापान के लिये	10,000 रुपये
3-अमेरिकी देशों तथा आस्ट्रेलिया के लिये	15,000 रुपये

इस योजना हेतु आय-व्ययक में जो व्यवस्था है उसी से फिलहाल व्यय को वहन करने का प्रयास किया जायेगा। अतः केवल 1000 रुपये की प्रतीक व्यवस्था करायी जा रही है। वर्तमान नियमों में तद्नुसार संशोधन कर यात्रानुदान की स्वीकृति दी जायेगी।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

(हजार रुपयों में)

2202— सामान्य शिक्षा—आयोजनागत —

03— विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा—

800— अन्य व्यय—

11— प्राध्यापकों द्वारा विदेशों में सम्मेलनों तथा सेमिनारों में भाग लेने हेतु अनुदान——

14— सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता

श्रम विभाग (श्रम कल्याण)

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय, पाण्डुनगर, कानपुर में इन्टेन्सिव कारोनरी केयर यूनिट (आई०सी०सी० यूनिट) की स्थापना	31,52	...	...	31,52	2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य	97 प
	योग :	31,52	...	...	31,52		

श्रम विभाग (श्रम कल्याण)

कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय, पाण्डुनगर, कानपुर में इन्टेन्सिव कारोनरी केयर यूनिट (आई०सी०सी० यूनिट) की स्थापना

प्रदेश में बीमांकित श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हृदय रोग उपचार की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवाओं के अन्तर्गत स्थापित आई०सी०सी० यूनिट हेतु आवश्यक मशीनें/साज-सज्जा/उपकरण एवं संयंत्र के क्रय करने का प्रस्ताव है। इसमें वर्ष 1994-95 में 31,51,500 रु० का अनावर्तक व्यय निहित है।

तद्नुसार 1994-95 के आय-व्ययक में 31,52,000 (सुगमांक) रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। व्यय की स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त प्रदान की जायेगी।

2—व्यय का विभाजन :-

साज-सज्जा/भण्डार/मशीनों के स्थूल व्योरे

भारत में क्रय की जाने वाली मशीनें/साज-सज्जा/उपकरण एवं संयंत्र	31,52,000 रुपये

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2210— चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य–आयोजनागत-

01— शहरी स्वास्थ्य सेवायें--पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति	(हजार रुपयों में)
102— कर्मचारी राज्य बीमा योजना	
04— चिकित्सालय	
20— मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	31,52
योग	31,52

4—कर्मचारी राज्य बीमा निगम से प्राप्य सहायता :-

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता की धनराशि अभिधारित की गई
1	2	3	4
निगमांश	27,59	0210—चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य 01—शहरी स्वास्थ्य सेवायें 101—कर्मचारी राज्य बीमा निगम से व्यय की पूर्ति हेतु प्राप्तियां	कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 7/8 अंश

श्रम विभाग (सेवायोजन)

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनागत

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	पूंजी लेखे का व्यय ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मशीन अनुरक्षण कर्मशाला, लखनऊ हेतु अवशेष साज-सज्जा का क्रय तथा पदों का सृजन।	18,66	...	...	18,66	2230—श्रम और रोजगार	101 प
2	विश्व बैंक योजना के अन्तर्गत मशीनों का क्रय	1,15,00	...	...	1,15,00	तदैव	102 प
3	14 सेवायोजन कार्यालयों का संगणीकरण—उपस्करों का वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध।	2,00	...	...	2,00	तदैव	103 प
4	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगढ़, बुलन्दशहर, सहारनपुर तथा मिर्जापुर में प्लास्टिक प्रोसेसिंग व्यवसाय खोला जाना।	29,27	...	...	29,27	तदैव	103 प
5	आगरा, बरेली तथा फतेहपुर में पूर्व में स्वीकृत आधारभूत प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु पदों का सृजन।	26,81	...	...	26,81	तदैव	104 प
6	भारत सरकार द्वारा आपूर्ति की जाने वाली मशीनों के मूल्य के राज्यांश हेतु व्यवस्था	4,00,50	...	...	4,00,50	तदैव	105 प
7	क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, वाराणसी का भवन निर्माण।	...	19,00	...	19,00	4250—अन्य समाज सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय	105 प
	योग :	5,92,24	19,00	...	6,11,24		

श्रम विभाग (सेवायोजन)

मशीन अनुरक्षण कर्मशाला, लखनऊ हेतु अवशेष साज-सज्जा का क्रय तथा पदों का सृजन

विश्व बैंक पोषित केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना के अंतर्गत लखनऊ में मशीन अनुरक्षण कर्मशाला की स्थापना की जा चुकी है और साज-सज्जा आदि के लिये 5,00,000 रुपये की स्वीकृति वर्ष 1992-93 में प्रदान की जा चुकी है। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार मशीन/उपकरण हेतु 20,00,000 रुपये अनुमोदित है। अवशेष साज-सज्जा और पदों के सृजन हेतु वित्तीय वर्ष 1994-95 में 18,66,000 रुपये (2,82,000 रुपये आवर्तक तथा 15,84,000 रुपये अनावर्तक) का व्यय होना अनुमानित है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 18,66,000 रुपये की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गयी है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—व्यय विभाजन :-

(क) अपेक्षित कर्मचारिवर्ग-

क्रम-संख्या	पद	वेतनमान (रुपये में)	पदों की संख्या
1	मिलराइट (फोरमैन)	1640-2900	1
2	मिलराइट इलेक्ट्रिशियन	1400-2600	1
3	मेन्टेनेन्स मैकेनिक	1400-2600	6
4	मिलराइट मेन्टेनेन्स	1400-2600	1
5	पेन्टर	950-1500	1
6	ड्राइवर	950-1500	1
		योग	11 पद

(ख) मशीनें साज-सज्जा के स्थूल ब्योरे-

मद	(हजार रुपयों में)
भारत में क्रय की जाने वाली साज-सज्जा/मशीनें	15,00

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2230— श्रम और रोजगार-आयोजनागत- (हजार रुपयों में)

03— प्रशिक्षण-

003— दस्तकारों तथा पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण-

01— केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-

0101— औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं एवं शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना का आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण-
(विश्व बैंक योजना-भारत सरकार से 50 प्रतिशत पुरोनिधानित)

01-वेतन	1,03
03-महंगाई भत्ता	98
04-यात्रा व्यय	10
05-अन्य भत्ते	23
06-कार्यालय व्यय	94
09-गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	10
20-मशीनें और साज-सज्जा/उपकरण और संयंत्र	15,00
32-अन्तरिम सहायता	8
33-अन्य व्यय	20
योग	18,66

4—भारत सरकार से प्राप्य सहायताः—

मद	धनराशि (हजार रुपयों में)	लेखाशीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता अभिधारित की गयी है
केन्द्रांश	9,33	1601— केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान— 04— केन्द्र द्वारा समर्थित योजनागत स्कीमों के लिये अनुदान— 800— अन्य अनुदान— 77— सेवायोजन— 7702— प्रशिक्षण	50 प्रतिशत के आधार पर

विश्व बैंक योजना के अन्तर्गत मशीनों का क्रय

विश्व बैंक योजना के अन्तर्गत मशीनों के क्रय हेतु 1,15,00,000 रुपये की आवश्यकता है। इस धनराशि से मशीनो का आपूर्ति प्रदेश की विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को की जायेगी। साज-सज्जा/मशीनें निदेशालय द्वारा क्रय की जायेंगी जो कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा 50 : 50 अनुपात में वहन किया जायेगा। उक्त प्रयोजन हेतु वर्ष 1994-95 में 1,15,00,000 रुपये का व्यय अनुमानित है।

तदनुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 1,15,00,000 रुपये की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :—

2230— श्रम और रोजगार—आयोजनागत— (हजार रुपयों में)

03— प्रशिक्षण—

003— दस्तकारों तथा पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण—

01— केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें—

0104— राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पुरातन मशीनों का प्रतिस्थापन (विश्व बैंक योजना भारत सरकार से 50% पुरोनिधानित)

20— मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र 1,15,00

3—भारत सरकार से प्राप्य सहायता—

मद	धनराशि (हजार रुपयों मे)	लेखा शीर्षक	आधार जिसके अनुसार सहायता अभिधारित की गयी है
1	2	3	4
अनुदान	57,50	1601—केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान 04—केन्द्र द्वारा समर्थित योजनागत स्कीमों के लिये अनुदान 800—अन्य अनुदान— 77—सेवायोजन— 7702—प्रशिक्षण—	50 प्रतिशत के आधार पर

14 सेवायोजन कार्यालयों का संगणीकरण-उपस्करों का वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध

प्रदेश के 14 सेवायोजन कार्यालयों हरदोई, इलाहाबाद, फिरोजाबाद, फैजाबाद, मेरठ, झांसी, वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर, आगरा, बरेली, मुरादाबाद, यू०ई०बी० वाराणसी तथा शाहजहांपुर में पूर्व में स्थापित संगणीकरण-उपस्करों के वार्षिक अनुरक्षण हेतु अनुबन्ध किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त कार्य पर वित्तीय वर्ष 1994-95 में 2,00,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 2,00,000 रुपये की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गई है। स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

2230— श्रम तथा रोजगार–आयोजनागत–	(हजार रुपयों में)
02— रोजगार सेवायें–	
001— निदेशन तथा प्रशासन–	
04— जिला रोजगार कार्यालय–	
23— अनुरक्षण	2,00

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगढ़, बुलन्दशहर, सहारनपुर तथा मिर्जापुर में प्लास्टिक प्रोसेसिंग व्यवसाय खोला जाना

भारत सरकार की संस्तुति के आधार पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगढ़, बुलन्दशहर, सहारनपुर तथा मिर्जापुर में प्लास्टिक प्रोसेसिंग व्यवसाय की एक-एक यूनिट आगामी सत्र से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना पर 60 प्रतिशत भारत सरकार व अन्य स्रोतों से मशीनें प्राप्त होंगी। इस कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 1994-95 में 29,27,000 रुपये राज्यांश (1,13,000 रुपये आवर्तक तथा 28,14,000 रुपये अनावर्तक) के व्यय का अनुमान है।

3–आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि को लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

(हजार रुपयों में)

2551— पहाड़ी क्षेत्र

60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र–आयोजनागत–

111— शहरी स्वास्थ्य सेवायें-एलोपैथिक-अन्य चिकित्सा पद्धतियां

0304— 15 शैय्यायुक्त आयुर्वेदिक चिकित्सालयों की स्थापना

01—वेतन	35
03—महंगाई भत्ता	32
04—यात्रा व्यय	1
05—अन्य भत्ते	3
06—कार्यालय व्यय	10
11—किराया, उपशुल्क और कर-स्वामित्व	–
20—मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	1,50
32—अन्तरिम सहायता	1
33—अन्य व्यय	10
योग	2,42

भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित पुत्रों की सेना /पुलिस बल में भर्ती हेतु पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना

भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित पुत्रों को सेना तथा पुलिस बल में भर्ती के लिये पूर्व प्रशिक्षण दिये जाने की योजना प्रस्तावित है। गढ़वाल क्षेत्र में लैंस डाउन तथा कुमायूं क्षेत्र में रानीखेत (अल्मोड़ा) में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। इस योजना के संचालन में वर्ष 1994-95 में कुल 6,52,000 रुपये केवल व्यय होने का अनुमान है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 6,52,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। इस सम्बन्ध में स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—व्यय का विभाजन :-

(क) अपेक्षित कर्मचारी वर्ग

पदनाम	पदों की सं०	नियत वेतन रु०	वर्ष का वेतन	दोनों प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु कुल व्यय
1	2	3	4	5
1 प्रोजेक्ट अधिकारी	1	2500/ प्रतिमाह	30,000	60,000
2 क्वार्ट मास्टर हवलदार	1	1800/ ,,	21,600	43,200
3 प्रशिक्षक हवलदार	3	1800/ ,,	64,800	1,29,600
4 लिपिक-कम-टंकक	1	1800/ ,,	21,600	43,200
5 कुक बावर्ची	1	1000/ ,,	12,000	24,000
6 मसालची	1	800/ ,,	9,600	19,200
7 चौकीदार	1	1000/ ,,	12,000	24,000
8 सफाई वाला (अंशकालिक)	1	200/ ,,	2,400	4,800
			1,74,000	3,48,000

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

	(हजार रुपयों में)
2551— पहाड़ी क्षेत्र–	
60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र–आयोजनागत–	
134— समाज कल्याण–	
28— भूतपूर्व सैनिकों के पुत्रों को सेना/पुलिस बल में भर्ती हेतु पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना –	
01–वेतन	3,48
11–किराया, उपशुल्क और कर-स्वामिस्व	48
33–अन्य व्यय	2,56
योग	6,52

उत्तराखण्ड के जनपदों में गोदाम निर्माण योजना भूमि का क्रय

प्रदेश में जन वितरण प्रणाली की सुदृढ़ बनाने तथा विभिन्न क्रय योजनाओं के माध्यम से प्राप्त होने वाले खाद्यानों के सुरक्षित भण्डारण हेतु आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में 93 गोदामों के निर्माण की योजना प्रारम्भ की गयी है। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1994-95 में 21 नये गोदामों का निर्माण प्रस्तावित है। इस प्रयोजन हेतु उत्तराखण्ड की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सभी स्थानों पर निःशुल्क भूमि नहीं मिल सकेगी जिसके परिणामस्वरूप कहीं-कहीं पर भूमि क्रय करने की आवश्यकता होगी। वर्ष 1994-95 में गोदाम निर्माण हेतु भूमि क्रय के प्रयोजन के लिये 20,00,000 रुपये की आवश्यकता का अनुमान है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 20,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है ।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

4551— पहाड़ी क्षेत्र पर पूंजीगत परिव्यय–आयोजनागत

60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र--	(हजार रुपयों में)
176— सिविल पूर्ति-	
00— उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों में गोदाम निर्माण हेतु भूमि का क्रय-	
18— वृहत् निर्माण	20,00

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चम्बा-टिहरी के आवासीय तथा अनावासीय भवनों का निर्माण

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चम्बा-टिहरी के आवासीय तथा अनावासीय भवनों का वर्ष 1994-95 में निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है । इस कार्य पर कुल 1,62,30,000 रुपये का व्यय अनुमानित है और वित्तीय वर्ष 1994-95 में व्यय के लिये 40,00,000 रु० की आवश्यकता है ।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 40,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है । प्रस्ताव की स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी ।

2— आय–व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

4551— पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय–आयोजनागत (हजार रुपयों में)

60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र-	
203— लोक निर्माण–सामान्य–विभागीय भवन	
0107— श्रम	
18— वृहत् निर्माण कार्य (अनु० लागत–1,62,30,000 रु०)	40,00

उत्तराखण्ड क्षेत्र के आठ जनपदों में सड़क तथा पुल के जिला सेक्टर के नये कार्यों के लिये धन की व्यवस्था

उत्तराखण्ड क्षेत्र के आठ जनपदों में वित्तीय वर्ष 1994-95 में 3,92,99,000 रुपये की लागत से आवश्यकतानुसार नई सड़कों एवं पुलों का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है ।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994–95 के आय–व्ययक में 3,92,99,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है । वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी ।

2—आय–व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजनः-

4551— पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय–आयोजनागत –

60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र	(हजार रुपयों में)
169— सड़क तथा सेतु	
01— सड़क	
0102— सड़क (जिला सेक्टर)	
18— वृहत् निर्माण कार्य	3,00,00
02— पुल	
0202— पुल (जिला सेक्टर)	
18— वृहत् निर्माण कार्य	92,99
योग	3,92,99

उत्तराखण्ड क्षेत्र में परिवहन विभाग के लिये भूमि क्रय तथा भवन निर्माण

उत्तराखण्ड क्षेत्र में श्रीनगर (पौढ़ी गढ़वाल) तथा टनकपुर (पिथौरागढ़) में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालयों की स्थापना के सम्बन्ध में भूमि क्रयार्थ 2,00,000 रु० अतिरिक्त परिवहन आयुक्त, श्रीनगर कार्यालय हेतु भूमि क्रय के लिये 10,00,000 रु० तथा पैसेन्जर शेल्टर के निर्माण हेतु 40,00,000 रु० अर्थात् कुल 52,00,000 रु० के व्यय का प्रस्ताव है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 52,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

4551— पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय –आयोजनागत–	
60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र–आयोजनागत–	(हजार रुपयों में)
170— सड़क परिवहन –	
02— सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्रीनगर तथा टनकपुर कार्यालयों के स्थापनार्थ भूमि क्रय –	
18–वृहत निर्माण	2,00
03— अतिरिक्त परिवहन आयुक्त, श्रीनगर के कार्यालय के लिये भूमि का क्रय –	
18–वृहत निर्माण	10,00
04— पैसेन्जर शेल्टर्स का निर्माण –	
18–वृहत निर्माण	40,00
योग ...	52,00

जनपद अल्मोड़ा में लीति एवं गोगिना में आवासीय व्यवस्था हेतु प्रीफेब्रिकेटेड हट्स का निर्माण

जनपद अल्मोड़ा में लीति एवं गोगिना नामक स्थान पर ट्रैकर्स के लिये आवासीय व्यवस्था हेतु प्रीफेब्रिकेटेड हट्स का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य हेतु चालू वित्तीय वर्ष 1994-95 में 15,00,000 रु० के व्यय का अनुमान है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 15,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है। स्वीकृति आगणन प्राप्त होने पर परीक्षणोपरान्त दी जाएगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

4551— पहाड़ी क्षेत्रों पर पूंजीगत परिव्यय–आयोजनागत–	(हजार रुपयों में)
60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र –	
175— पर्यटक अवसंरचना	
16— अल्मोड़ा आवासीय व्यवस्था हेतु प्रीफेब्रिकेटेड हट्स का निर्माण	
18—वृहत निर्माण कार्य	15,00

उत्तराखण्ड क्षेत्र के शुष्क शौचालयों को फ्लश शौचालयों में परिवर्तन के लिये ऋण

उत्तराखण्ड क्षेत्र की मल–जल सफाई योजना के अन्तर्गत शुष्क शौचालयों को फ्लश शौचालयों में परिवर्तन करने की अत्यन्त आवश्यकता है। इस हेतु आवश्यक धनराशि उत्तराखण्ड क्षेत्र की स्थानीय निकायों को आधा अनुदान व आधा ऋण के रूप में दी जानी प्रस्तावित है। उक्त प्रस्ताव पर वर्ष 1994–95 में 5,00,000 रुपये व्यय होने का अनुमान है।

तद्नुसार आय–व्ययक में 5,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई हैं।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

(हजार रुपयों में)

6551— पहाड़ी क्षेत्रों के लिये कर्ज–आयोजनागत–

60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र

117— मल-जल सफाई

01— पर्वतीय क्षेत्र में शुष्क शौचालयों को फ्लश शौचालयों में परिवर्तित करने के लिये जल निगम को ऋण

24—निवेश/ ऋण	5,00

उत्तराखण्ड क्षेत्र की नगरीय जलोत्सारण योजनाओं हेतु ऋण

उत्तरांचल क्षेत्र में नगरीय जलोत्सारण की अत्यन्त आवश्यकता है। प्रश्नगत प्रयोजन हेतु जल निगम को आधी धनराशि अनुदान के रूप में तथा आधी धनराशि ऋण के रूप में प्रदान की जानी प्रस्तावित है। वर्ष 1994-95 में जलोत्सारण हेतु ऋण के रूप में जल निगम को दिये जाने हेतु 75,00,000 रुपये की आवश्यकता है।

तदनुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय–व्ययक में 75,00,000 को धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

(हजार रुपयों में)

6551— पहाड़ी क्षेत्रों के लिये कर्ज–आयोजनागत—

60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र

116— जलापूर्ति

01— पर्वतीय जिलों की पेयजल तथा जलोत्सारण योजनाओं के लिये ऋण–

24–निवेश / ऋण	75,00

उत्तराखण्ड क्षेत्र के विकास प्राधिकरणों को आधारिक पूंजी एवं अन्य आय-वर्ग गृह निर्माण योजना आदि के लिए ऋण

उत्तराखण्ड क्षेत्र के विकास प्राधिकरणों की आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये उनके आय के संसाधनों में वृद्धि करने के लिए आधारिक पूंजी के रूप में अल्प आय वर्ग गृह निर्माण योजना के अन्तर्गत तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लोगों को गृह निर्माण हेतु ऋण उपलब्ध कराना आवश्यक है ताकि ये गृहों के निर्माणार्थ भूमि का अर्जन कर सकें और उन्हें लाभान्वित कर सकें। इस हेतु वर्ष 1994-95 में 1,00,00,000 करोड़ रुपये के व्यय होने का अनुमान है।

तदनुसार वर्ष 1994-95 के आय–व्ययक में 1,00,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

–आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :

(हजार रुपयों में)

6551— पहाड़ी क्षेत्रों के लिये उधार –

60— अन्य पहाड़ी क्षेत्र –आयोजनागत–

120— ग्रामीण आवास –

01— अन्य आय वर्ग गृह निर्माण योजना के अन्तर्गत विकास प्राधिकरणों को ऋण–	
24–निवेश / ऋण	25,00
02— विकास प्राधिकरणों को आधारिक पूंजी हेतु ऋण	
24–निवेश / ऋण	50,00
03— आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लोगों को गृह निर्माण हेतु विकास प्राधिकरणों को ऋण	
24–निवेश / ऋण	25,00
योग :	1,00,00

भाग–2
आयोजनेतर–नई मदें

उद्योग विभाग (भारी एवं मध्यम उद्योग)

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनेतर

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	औद्योगिक इकाइयों को बिक्रीकर आस्थगन की सुविधा के अन्तर्गत ब्याज रहित ऋण	–	–	60,00,00	60,00,00	6885—उद्योग तथा खनिज के लिये अन्य कर्ज	139 न
	योग	–	–	60,00,00	60,00,00		

उद्योग विभाग (भारी एवं मध्यम उद्योग)

औद्योगिक इकाइयों को बिक्रीकर आस्थगन की सुविधा के अन्तर्गत ब्याज रहित ऋण

उत्तर प्रदेश बिक्रीकर अधिनियम की धारा 4 (क) में नई औद्योगिक इकाइयों को बिक्रीकर मुक्त/आस्थगन की सुविधा दिनांक 1.4.90 से 31.3.95 तक अनुमन्य है। अधिनियम की धारा 8 (2-क) तथा नियम 43 के अनुसार वह ग्राहकों से कर वसूल करके अपने पास रख सकते हैं परन्तु आयकर अधिनियम की धारा 43-ख.के कारण उक्त धनराशि उनकी आय में शामिल हो जाती है। इस प्रकार उन्हें आयकर देना पड़ता है। इस समस्या के समाधान हेतु शासन द्वारा यह सुविधा प्रदान की गयी है कि यदि इकाई चाहे तो आस्थगित राशि पिकप से ऋण के रूप में स्वीकृत करा ले जो पुस्तक समायोजन द्वारा बिक्रीकर विभाग के लेखे में जमा करा दी जाएगी। स्वीकृत ऋण का नकद भुगतान पिकप को नहीं किया जायेगा वरन पुस्तक समायोजन के माध्यम से पिकप पर ऋण माना जायेगा। पिकप द्वारा भी इकाइयों को ऋण स्वीकृत किया जायेगा जो इकाइयों द्वारा देय बिक्रीकर की राशि के समक्ष बिक्रीकर विभाग के सुसंगत प्राप्ति लेखा शीर्षक में पुस्तक समायोजन द्वारा जमा किया जायेगा।

2— योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 1990-91 से 1992-93 तक लगभग रु० 99.97 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया। वित्तीय वर्ष 1993-94 में 50,00,00,000 रुपये का आय-व्ययक प्राविधान उपलब्ध है। इसी प्रकार वर्ष 1994-95 में भी औद्योगिक इकाइयों से लगभग रु० 60.00 करोड़ धनराशि के ऋण हेतु प्रार्थना-पत्र प्राप्त होने का अनुमान है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के लिए योजनान्तर्गत 60,00,00,000 रुपये की मांग प्रस्तुत है जिसकी व्यवस्था 1994-95 के आय-व्ययक में कर लीं गयी है।

3— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

6885— उद्योग तथा खनिज के लिए अन्य कर्ज—आयोजनेतर	(हजार रुपयों में)
01— औद्योगिक वित्तीय संस्थाओं को कर्ज—	
190— सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज—	
05— प्रदेशीय इण्डस्ट्रियल एण्ड इन्वेस्टमेण्ट कार्पोरेशन को बिक्रीकर राशि के आस्थगन योजना के अन्तर्गत कर्ज—	
24—निवेश/ऋण	60,00,00

कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (दुग्धशाला विकास)

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनेतर

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन को कार्यशील पूंजी हेतु ऋण	–	–	5,00,00	5,00,00	6404—डेरी विकास के लिये कर्ज	143 न
	योग	–	–	5,00,00	5,00,00		

कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (दुग्धशाला विकास)

प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन को कार्यशील पूंजी हेतु ऋण

आपरेशन फ्लड योजना क्षेत्र में दुग्ध उपार्जन में हो रही अभूत पूर्व वृद्धि की गति को बनाये रखने के उद्देश्य से उपार्जित फालतू दूध का उपयोग दुग्ध चूर्ण बनाने में किया जा रहा है जिसमें दुग्ध सहकारिताओं की पूंजी ब्लाक होने के कारण उनके समक्ष कार्यशील पूंजी का अभाव हो गया है । चूंकि दुग्ध उत्पादकों के व्यापक हित में दुग्ध उपार्जन की गति को बनाये रखना आवश्यक है, अतः वर्तमान आर्थिक संकट को समाप्त करने के लिये प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन लि०, जो आपरेशन फ्लड योजना की क्रियान्वयन एजेंसी है, की कुल 5,00,00,000 रुपये का अल्पकालिक ऋण राज्य सरकार की प्रभावी ब्याज की दरों पर उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है जिसका प्रतिदान चार समान त्रैमासिक किस्तों में एक वर्ष के भीतर सुनिश्चित किया जायेगा ।

तद्नुसार 1994-95 के आय-व्ययक में 5,00,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है ।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

(हजार रुपयों में)

6404— डेरी विकास के लिये कर्ज–आयोजनेतर

190— सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज–

00— प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन को कार्यशील पूंजी हेतु अल्पकालिक ऋण–

24—निवेश / ऋण 5,00,00

गृह विभाग (पुलिस)

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें–आयोजनेतर

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाता है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जनपद फैजाबाद में यातायात पुलिस का सुदृढ़ीकरण	3,55	–	–	3,55	2055—पुलिस	147 न
	योग :	3,55	–	–	3,55		

गृह विभाग (पुलिस)

जनपद फैजाबाद में यातायात पुलिस का सुदृढ़ीकरण

जनपद फैजाबाद में यातायात पुलिस का सुदृढ़ीकरण करने के लिये कतिपय पदों का सृजन प्रस्तावित है जिन पर कुल 3,55,000 रुपये का व्यय होने का अनुमान है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 3,55,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—अपेक्षित कर्मचारियों का स्थूल व्योरा :-

क्रमांक	पद	संख्या	वेतनमान (रु०)
1	उप-निरीक्षक	1	1640-2900
2	हेड कान्सटेबिल	1	975-1660
3	कान्सटेबिल	10	950-1400

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन–

2055— पुलिस –आयोजनेतर

109— जिला पुलिस – (हजार रुपयों में)

03— जिला पुलिस (मुख्य) –

01— वेतन	1,45
03— महंगाई भत्ता	1,34
05— अन्य भत्ते	75
32— अन्तरिम सहायता	1
	3,55

नागरिक उड्डयन विभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें–आयोजनेतर

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय में हैंगर आदि का सुदृढ़ीकरण	46,12	–	–	46,12	2070—अन्य प्रशासनिक सेवायें	151 न
	योग :	46,12	–	–	46,12		

नागरिक उड्डयन अनुभाग

राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय में हैंगर आदि का सुदृढ़ीकरण

राजकीय नागरिक उड्डयन निदेशालय के हैंगर नं० 1 जिसमें वायुयानों/हेलीकाप्टरों को रखने तथा उनके अनुरक्षण का कार्य सम्पादित किया जाता है, क्षतिग्रस्त अवस्था में है। उक्त वायुयानों/हेलीकाप्टरों की सुरक्षा तथा निदेशालय की समुचित व्यवस्था के लिये उक्त हैंगर के फर्श का सुदृढ़ीकरण, निदेशालय के एवियोनिक्स लैब वायुयान अनुरक्षण अभियंताओं/पाइलेटों आदि के लिये हैंगर में एल्युमिनियम कैबिनों की व्यवस्था तथा हैंगर के शेड का सुदृढ़ीकरण व पेन्टिंग तथा अन्य सम्बद्ध कार्यों को कराये जाने का प्रस्ताव है। उक्त अनुरक्षण संबंधी समस्त कार्यों के लिये वर्ष 1994-95 में कुल 46,12,000 रुपये की धनराशि का व्यय अनुमानित है।

तद्नुसार 46,12,000 रुपये की धनराशि की व्यवस्था वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित कर ली गई है। स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

	(हजार रुपयों में)
2070— अन्य प्रशासनिक सेवायें–आयोजनेतर––	
114— वाहन का क्रय तथा रख-रखाव–	
03— वायुयानों का क्रय–	
23— अनुरक्षण	46,12

न्याय विभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनेतर

क्रम्म-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद में मुंसिफ मजिस्ट्रेट के न्यायालय की स्थापना	3,26	–	–	3,26	2014—न्याय प्रशासन	155 न
2	जनपद बुलन्दशहर की तहसील अनूपशहर में एक अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय की स्थापना	31	–	–	31	---तदैव--	156 न
3	विधि परामर्शी एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों के उपयोगार्थ एक स्टाफ कार की व्यवस्था	2,00	–	–	2,00	---तदैव---	156 न
4	अधीनस्थ न्यायालयों तथा उच्च न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों के आवासीय भवनों की मरम्मत हेतु व्यवस्था	11,00	–	–	11,00	---तदैव--	156न
5	जनपद वाराणसी में एक पारिवारिक न्यायालय की स्थापना	5,96	–	–	5,96	---तदैव---	157 न
6	जिले में असिस्टेन्ट सेशन जज के लिये 2 तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटों के लिये 35 आवासीय टेलीफोनों की सुविधा (एस० टी० डी० रहित) उपलब्ध कराया जाना	3,70	–	–	3,70	---तदैव---	158 न
7	उ० प्र० कानूनी सहायता एवं परामर्श बोर्ड के सदस्य-सचिव के शासकीय प्रयोग हेतु स्टाफ कार की व्यवस्था	2,00	–	–	2,00	---तदैव---	159 न
	योग :	28,23	–	–	28,23		

न्याय विभाग

जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद में मुंसिफ मजिस्ट्रेट के न्यायालय की स्थापना

जनपद न्यायालयों में वादों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए शासन द्वारा वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद में मुंसिफ मजिस्ट्रेट के न्यायालय की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव है।

तद्नुसार न्यायालय के सृजन के लिए 3,26,000 रुपये की व्यवस्था वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2— व्यय का विभाजन –

(क) अपेक्षित कर्मचारी वर्ग–

1–अतिरिक्त न्यायालय के लिये–

क्रमांक	पदनाम	वेतनमान (रु०)	पदों की संख्या
1	मुंसिफ मजिस्ट्रेट	2200-4000	1 (एक)
2	मुंसरिम	1200-2040	1 (एक)
3	वाद लिपिक	1200-2040	1 (एक)
4	विविध लिपिक	1200-2040	1 (एक)
5	प्रतिलिपिक	950-1500	1 (एक)
6	उप-नाजिर	1200-2040	1 (एक)
7	रीडर	1200-2040	1 (एक)
8	अर्दली	750-940	1 (एक)
9	चपरासी	750-940	1 (एक)
10	चौकीदार-कम-फर्राश	750-940	1 (एक)
11	प्रोसेस सरवर	750-940	1 (एक)
12	स्वच्छकार (अंशकालिक)	300/- प्रतिमाह (नियत वेतन)	

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन –

2014— न्याय प्रशासन-आयोजनेतर –

105— सिविल और सेशन्स न्यायालय –

06— मुंसिफ (हजार रुपयों में)

01—वेतन	1,45
03—महंगाई भत्ता	1,41
04—यात्रा व्यय	6
05—अन्य भत्ते	2
06—कार्यालय व्यय	30
32—अन्तरिम सहायता	1
33—अन्य व्यय	1
योग ...	3,26

जनपद बुलन्दशहर की तहसील अनूपशहर में एक अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय की स्थापना

फौजदारी वादों के निस्तारण से सम्बन्धित समस्याओं के निदान हेतु जनपद बुलन्दशहर की तहसील अनूपशहर में एक अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

तद्नुसार इसके लिए वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 31,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

2014—न्याय प्रशासन-आयोजनेतर –

108—दण्ड न्यायालय –

01— नियमित अधिष्ठान		(हजार रुपयों में)
	04—यात्रा व्यय	10
	06—कार्यालय व्यय	7
	11—किराया, उपशुल्क और कर-स्वामित्व	12
	33—अन्य व्यय	2
	योग ...	31

विधि परामर्शी एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों के उपयोगार्थ एक स्टाफ कार की व्यवस्था

विधि परामर्शी एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों के उपयोगार्थ एक स्टाफ कार क्रय किए जाने का प्रस्ताव है। इसके लिए 2,00,000 रुपये की आवश्यकता है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 2,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है। इसकी स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायगी।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

2014—न्याय प्रशासन-आयोजनेतर –

114— विधि सलाहकार और परामर्शदाता (काउन्सेल)

02— विधि परामर्शी तथा सरकारी अधिवक्ता –		(हजार रुपयों में)
	08—कार्यालय के प्रयोग के लिए स्टाफ कारों और अन्य मोटर गाड़ियों का क्रय	2,00

अधीनस्थ न्यायालयों तथा उच्च न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों के आवासीय भवनों की मरम्मत हेतु व्यवस्था

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों के लिए निर्मित आवासों एवं मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं लखनऊ, खण्डपीठ लखनऊ, के न्यायाधीशों एवं अधिकारियों के लिए निर्मित आवासों की मरम्मत हेतु क्रमशः 10,00,000 रुपये एवं 1,00,000 रुपये अर्थात् कुल 11,00,000 रुपये की व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 10,00,000 रुपये मतदेय तथा *1,00,000* रुपये भारित की व्यवस्था कर ली गयी है। इसकी स्वीकृति विस्तृत परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2014—न्याय प्रशासन-आयोजनेतर --

800—अन्य व्यय (हजार रुपयों में)

07—विभागीय आवासीय भवनों का अनुरक्षण–

23—अनुरक्षण

	(मतदेय)	10,00
	(भारित)	*1,00*
योग	मतदेय	10,00
	भारित	*1,00*

जनपद वाराणसी में एक पारिवारिक न्यायालय की स्थापना

पारिवारिक न्यायालय अधिनियम, 1984 के अन्तर्गत वाराणसी में एक पारिवारिक न्यायालय स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इस न्यायालय की स्थापना हेतु 5,96,000 रुपये की आवश्यकता है, जिसकी व्यवस्था वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में कर ली गयी है।

2–व्यय का विभाजन–

(क) अपेक्षित कर्मचारी वर्ग –

क्रमांक	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान (रु०)
1	जज पारिवारिक न्यायालय	एक	4500-5700
2	काउन्सलर (परामर्शदाता)	एक	2000 नियत मासिक वेतन
3	सदर मुंसरिम	एक	1640-2900
4	आशुलिपिक ग्रेड-1	एक	1400-2600
5	रीडर	एक	1200-2040
6	वादलिपिक/भरण-पोषण लिपिक	एक	1200-2040
7	निष्पादन लिपिक/संरक्षण लिपिक	एक	1200-2040
8	लेखा लिपिक	एक	1200-2040
9	टंकक/प्रतिलिपिक	एक	950-1500
10	कार्यालय चपरासी	एक	750-940
11	न्यायालय चपरासी	एक	750-940
12	अर्दली	एक	750-940
13	संदेश वाहक	एक	750-940
		कुल 13	

(ख) साज-सज्जा, मशीनें, भण्डार आदि के ब्योरे –

क्रमांक	मद	संख्या	धनराशि (हजार रुपयों में)
1	टाइपराइटर मशीनें (अनावर्तक)	2	12
2	विधि पुस्तकें	–	5
3	उपस्कर	–	15
4	लोहे की आलमारियां	2	5
5	दरियां	2	0.5
6	साइकिलें	2	2
7	दीवाल घड़ियां	2	0.5
8	प्रासंगिक व्यय	–	1
		योग ...	41 (अनावर्तक)

3— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

2014— न्याय प्रशासन–आयोजनेतर –

105— सिविल तथा सेशन्स न्यायालय–

09— पारिवारिक न्यायालय –

	(हजार रुपयों में)
01—वेतन	2,19
03—महंगाई भत्ता	1,89
04—यात्रा व्यय	5
05—अन्य भत्ते	71
06—कार्यालय व्यय	41
07—टेलीफोन पर व्यय (आवास व कार्यालय)	18
11—किराया, उपशुल्क और कर-स्वामित्व	50
32—अन्तरिम सहायता	1
33—अन्य व्यय	2
योग ...	5,96

जिले में असिस्टेन्ट सेशन जज के लिए–2 तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटों के लिए 35 आवासीय टेलीफोनों की सुविधा (एस०टी०डी० रहित) उपलब्ध कराया जाना

विधि और व्यवस्था तथा फौजदारी वादों के निस्तारण से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु जिलों में चरणबद्ध योजना के अन्तर्गत असिस्टेन्ट सेशन जज के लिए–2 तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटों के लिए 35 अर्थात् कुल 37 आवासिक टेलीफोन की (एस० टी० डी० रहित) सुविधा 3,70,000 रुपये की लागत से उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है ।

तदनुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 3,70,00[illegible] की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

2014—न्याय प्रशासन-आयोजनेतर----

108— दण्ड न्यायालय– (हजार रुपयों में)

01— नियमित अधिष्ठान–

07—टेलीफोन पर व्यय– 3,70

उत्तर प्रदेश कानूनी सहायता एवं परामर्श बोर्ड के सदस्य सचिव के शासकीय प्रयोग हेतु स्टाफ कार की व्यवस्था

उत्तर प्रदेश कानूनी सहायता एवं परामर्श बोर्ड के सदस्य सचिव के शासकीय कार्यों हेतु एक अम्बेसडर कार क्रय किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए 2,00,000 रुपये की आवश्यकता है।

तदनुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 2,00,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

2235—सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण –आयोजनेतर–

200— अन्य कार्यक्रम –

03— उत्तर प्रदेश कानूनी सहायता तथा परामर्श बोर्ड – (हजार रुपयों में)

08—कार्यालय के प्रयोग के लिए स्टाफ कारों और अन्य मोटर गाड़ियों का क्रय 2,00

महिला एवं बाल कल्याण विभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनेतर

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	उ० प्र० नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के नियंत्रणाधीन अनाथालाय/यतीमखानों को अनुदान	13,18	–	–	13,18	2235—सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण	163 न
	योग	13,18	–	–	13,18		

महिला एवं बाल कल्याण विभाग

उ०प्र० नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के नियंत्रणाधीन अनाथालय / यतीमखानों को अनुदान

उ० प्र० नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के नियंत्रणाधीन कुल 104 संस्थायें हैं जिसमें 44 संस्थायें अनाथालय और यतीमखानों की श्रेणी में आती हैं। इन संस्थाओं द्वारा 1096 संवासिनियों पर कुल सालाना खर्च 27,85,380 रुपये किया जा रहा है जब कि 1096 संवासिनियों के लिये 312 रुपये की दर से कुल 41,03,424 रुपये खर्च किया जाना चाहिये। इन संस्थाओं को दान-चन्दा भी कम मिल पा रहा है जिसके कारण संवासिनियों का भरण-पोषण पूरा करने में इन संस्थाओं को कठिनाई हो रही है। अतः इन संस्थाओं को संवासिनियों के हित में समय से उचित आर्थिक सहायता दिये जाने के लिये शेष 13,18,044 रुपये सुगमांक में 13,18,000 रुपये मात्र की अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की जानी प्रस्तावित है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 13,18,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

(हजार रुपयों में)

2235— सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण–आयोजनेतर—–	
02— समाज कल्याण–	
107— स्वैच्छिक संगठनों को सहायता–	
04— स्वैच्छिक संगठनों द्वारा संचालित अनाथालयों / यतीमखानों की संवासिनियों के भरण-पोषण मद में राज्य सरकार का सहयोग	
14— सहायक अनुदान / अंशदान / राज सहायता	13,18

राजस्व विभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें–आयोजनेतर

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	खसरा खतौनी तथा जमाबन्दी के फार्मों की आपूर्ति	49,86	–	–	49,86	2029—भू-राजस्व	167 न
	योग :	49,86	–	–	49,86		

राजस्व विभाग

खसरा/खतौनी तथा जमाबन्दी फार्मों की आपूर्ति

प्रदेश में काश्तकार/खातेदारों की संख्या में वृद्धि तथा खसरा/खतौनी/जमाबंदी फार्मों की सामयिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह निश्चय किया गया है कि कुछ माह की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु राजस्व परिषद् स्तर पर फार्मों के मुद्रण की व्यवस्था करके जनपदों को समय से उपलब्ध करा दिया जाय ताकि काश्तकारों/खातेदारों को असुविधा न होने पाये।

तद्नुसार केवल वित्तीय वर्ष 1994-95 के लिए इस मद के लिए 49,86,000 रुपये की लागत से उक्त फार्मों की मुद्रण व्यवस्था राजस्व परिषद् स्तर से कराने की आवश्यकता को देखते हुए इतनी धनराशि की व्यवस्था वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित कर ली गई है। वित्तीय स्वीकृति परीक्षणोपरान्त दी जायेगी।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

	(हजार रुपयों में)
2029— भू-राजस्व-आयोजनेतर –	
103— भू-अभिलेख –	
04— जिला व्यय –	
12—प्रकाशन	49,86

राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनेतर

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में) राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय पूंजीगत	ऋण	योग	लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8
1	राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन	5,00	–	–	5,00	2070—अन्य प्रशासनिक सेवाएं	171 न
2	उ० प्र० उर्दू अकादमी के लिये अतिरिक्त अनुदान की व्यवस्था	16,49	–	–	16,49	2202—सामान्य शिक्षा	171 न
	योग :	21,49	–	–	21,49		

राष्ट्रीय एकीकरण विभाग

राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव के प्रोत्साहन के लिये राज्य एकीकरण परिषद् का गठन प्रदेश स्तर पर पहले से ही किया जा चुका है।

2— राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव के दृष्टिकोण से प्रदेश के जनपद एवं मंडलीय स्तर पर गोष्ठियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने का लक्ष्य भी रखा गया है। साथ ही, राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव के लिये प्रयलरत महानुभावों की एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिये जाने का प्रस्ताव भी है।

3— उपरोक्त आयोजनों के लिये प्रदेश मुख्यालय, मंडल तथा जनपद स्तर पर विभिन्न मदों पर निम्न व्यय आवर्तक आधार पर किया जाना प्रस्तावित है :–

			(हजार रुपयों में)
(I)	जिला स्तर पर गोष्ठियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 63 × 2,000	=	1,26,000
(II)	मंडलीय स्तर पर गोष्ठियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 13 ×15,000	=	1,95,000
(III)	प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन		
	(क) राष्ट्रीय स्तर का एक नकद पुरस्कार	=	1,00,000
	(ख) गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम	=	79,000
		कुल योग =	5,00,000

4— तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 5,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त दी जायेगी।

5— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन –

2070— अन्य प्रशासनिक सेवाएं –आयोजनेतर –

(हजार रुपयों में)

800— अन्य व्यय –

08— उपाध्यक्ष, राज्य एकीकरण परिषद् को देय सुविधायें –

33—अन्य व्यय — 5,00

उ० प्र० उर्दू अकादमी के लिये अतिरिक्त अनुदान की व्यवस्था

उ० प्र० उर्दू अकादमी प्रदेश में उर्दू भाषा के प्रचार/प्रसार के उद्देश्य से वर्ष 1972 में स्थापित की गई थी। अकादमी की स्थापना की तिथि से ही वर्षानुवर्ष प्रदेश के आय-व्ययक में संस्था के लिये वित्तीय व्यवस्था 'ब्लाक अनुदान' के रूप में की जाती रही है। उसको देय अनुदान की धनराशि वित्तीय वर्ष 1988-89 से अपरिवर्तनीय चली आ रही है एवं उसमें कोई वृद्धि नहीं की गयी है जबकि अब स्थिति यह है कि वर्तमान 38.69 लाख रुपये के वार्षिक अनुदान राशि में से केवल स्थापना व्यय अर्थात् वेतन, महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्तों एवं मदों पर ही व्यय का प्रतिशत कुल ग्रान्ट के सापेक्ष लगभग 59 प्रतिशत है। परिणाम यह है कि उ० प्र० उर्दू अकादमी जिन उद्देश्यों को लेकर स्थापित की गई थी उन उद्देश्यों की पूर्ति में वह विफल ही रही है और अकादमी में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के लिये अपेक्षित धनराशि शनैः-शनैः कम होती जा रही है।

2— अतः यह प्रस्तावित है कि अकादमी की निम्नांकित आवश्यकताओं के लिये आगामी वित्तीय वर्ष 1994-95 से आवर्तक आधार पर वृद्धि की जाय तथा जिसका योग 16,49,000 रुपये होता है। अतिरिक्त मांग योजना के क्रियान्वयन हेतु वास्तविक आवश्यकता वर्ष 1988-89 में अनुमोदित व्यय को आधार मान कर ही अपेक्षित है :-

	मद	अतिरिक्त आवश्यकता (रु०)
1—	पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का प्रकाशन, बाल एवं स्वतंत्रता संग्राम साहित्य संबंधी पुस्तकों सहित	3,20,000
2—	उ० प्र० के लेखकों को उनकी पाण्डुलिपियों के प्रकाशन हेतु अनुदान	1,25,000
3—	अकादमी का केन्द्रीय उर्दू पुस्तकालय	17,000
4—	प्रदेश के वृद्ध, बीमार, जरूरतमंद लेखकों को आर्थिक सहायता	50,000
5—	उर्दू छात्रों को छात्रवृत्ति	3,00,000
6—	अकादमी द्वारा संचालित तथा अन्य सहायता प्राप्त किताबत स्कूल	1,06,000
7—	उर्दू टाइप-स्कूल	8,000
8—	उर्दू कोचिंग-स्कूल	14,000
9—	वेतन (स्थापना)	1,45,000
10—	महंगाई भत्ता	2,95,000
11—	अन्य भत्ते एवं अन्तरिम सहायता आदि	1,16,000
12—	अकादमी सदस्यों हेतु यात्रा-भत्ता	20,000
13—	अकादमी वाहन अनुरक्षण एवं पी० ओ० एल०	5,000
14—	लेखन सामग्री, डाक-टिकट, टेलीफोन एवं साज-सज्जा के क्रय एवं अनुरक्षण	1,28,000
	योग :	16,49,000

इस प्रकार आगामी वित्तीय वर्ष 1994-95 के लिये कुल 16,49,000 रुपये की अतिरिक्त आवर्तक धनराशि की आवश्यकता है।

तदनुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 16,49,000 रुपये की व्यवस्था सम्मिलित कर ली गयी है। वित्तीय स्वीकृति विस्तृत परीक्षण के उपरान्त दी जायगी।

3—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजनः-

2202— सामान्य शिक्षा—आयोजनेतर —

05— भाषा विकास — (हजार रुपयों में)

102— आधुनिक भारतीय भाषाओं और साहित्य का सम्बर्धन —

03— प्रदेश में उर्दू का विकास एवं प्रचार

14—सहायक अनुदान/अंशदान/राज सहायता 16,49

वित्त विभाग (कोषागार तथा लेखा प्रशासन)

वर्ष 1994-95 के आय-व्यायक में सम्मिलित व्यय की नई मदें—आयोजनेतर

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कोषागार निदेशालय के प्रशासन के स्तर के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण हेतु अतिरिक्त पदों का सृजन	8,21	–	–	8,21	2054—खजाना तथा लेखा प्रशासन	175 न
2	प्रदेश के 11 कोषागारों में चेक प्रणाली का क्रियान्वयन	5,82	–	–	5,82	---तदैव---	175 न
3	प्रदेश के 20 कोषागारों में टेलर पद्धति से पेटी पेंशन भुगतान की प्रक्रिया लागू किया जाना	2,60	-	–	2,60	---तदैव---	176न
4	प्रदेश के कोषागारों को कैश वाहन की सुविधा उपलब्ध कराया जाना	5,97	–	–	5,97	---तदैव---	176 न
5	प्रदेश के 11 कोषागारों में पेंशनर्स को बैंक के माध्यम से सीधे पेंशन भुगतान की योजना लागू किया जाना	11	-	–	11	---तदैव---	177 न
6	प्रदेश के 6 उप-कोषागारों में गार्डरूम एवं डबल लाक का निर्माण	–	19,19	–	19,19	4059—लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय	177 न
7	प्रदेश के उप-कोषागार भवनों का निर्माण	–	70,00	–	70,00	---तदैव---	178 न
	योग :	22,71	89,19	–	1,11,90		

वित्त विभाग

(कोषागार तथा लेखा प्रशासन)

कोषागार निदेशालय के प्रशासन के स्तर के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण हेतु अतिरिक्त पदों का सृजन

कोषागार निदेशालय, उ० प्र०, लखनऊ के बढ़े हुए कार्य भार को देखते हुए इसके कार्यालय के सुदृढ़ीकरण करने का प्रस्ताव है जिसके लिए कोषागार निदेशालय में 18 अतिरिक्त पदों का सृजन किया जाना आवश्यक है। इस पर वित्तीय वर्ष 1994-95 में 8,21,000 रु० का व्यय अनुमानित है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 8,21,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गयी है।

2— व्यय का विभाजन –

(क) अपेक्षित कर्मचारी वर्ग –

क्रमांक	पदनाम	वेतनमान (रु०)	पदों की संख्या
1	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	2000-3200	1
2	कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II	1400-2600	2
3	वरिष्ठ लिपिक	1200-2040	6
4	कनिष्ठ लिपिक	950-1500	7
5	अर्दली/चपरासी	750-940	2
			कुल 18 पद

3— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :–

2054—खजाना तथा लेखा प्रशासन-आयोजनेतर —

095— लेखा तथा खजाना निदेशालय – (हजार रुपयों में)

01— कोषागार निदेशालय –	
01—वेतन	3,45
03—महंगाई भत्ता	3,35
05—अन्य भत्ते	90
06—कार्यालय व्यय	50
32—अन्तरिम सहायता	1
योग	8,21

प्रदेश के 11 कोषागारों में चेक प्रणाली का क्रियान्वयन

वर्तमान में प्रदेश के 11 कोषागारों में चेक प्रणाली लागू है, जो काफी सफल, सुविधाजनक एवं लाभप्रद सिद्ध हुई है। अतएव वर्ष 1994-95 में प्रदेश के 11 अन्य कोषागारों में भी इस प्रणाली को लागू करने का प्रस्ताव है। इस पर वित्तीय वर्ष 1994-95 में 5,82,100 रुपये की आवश्यकता है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 5,82,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2054—खजाना तथा लेखा प्रशासन –आयोजनेतर — (हजार रुपयों मे)

097— खजाना स्थापना -

01— मुख्य-

06—कार्यालय व्यय	1,19
19—लघु निर्माण कार्य	4,63
योग	5,82

प्रदेश के 20 कोषागारों में टेलर पद्धति से पेटी पेंशन भुगतान की प्रक्रिया लागू किया जाना

प्रदेश के कोषागारों में टेलर पद्धति से पेंशन वितरण की योजना काफी सरल एवं सुविधाजनक सिद्ध हुई है। प्रदेश के अन्य 20 कोषागारों में भी टेलर प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु कोषागारों में काउन्टर निर्माण करवाकर उपलब्ध स्टाफ से ही कार्य कराये जाने का प्रस्ताव है। उक्त 20 कोषागारों से 7 कोषागारों में काउन्टर उपलब्ध है शेष 13 कोषागारों में काउन्टर निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 1994-95 में 2,60,000 रुपये की आवश्यकता है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 2,60,000 रु० की व्यवस्था कर ली गयी है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2054— खजाना तथा लेखा प्रशासन–आयोजनेतर

097— खजाना स्थापना - (हजार रुपयों में)

01— मुख्य -

23— अनुरक्षण	2,60

प्रदेश के कोषागारों को कैश वाहन की सुविधा उपलब्ध कराया जाना

प्रदेश के कोषागारों को कैश वाहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से मेरठ व वाराणसी कोषागार हेतु वर्ष 1994-95 में एक-एक डीजल जीप उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव है। दो डीजल जीप के क्रय हेतु कुल 5,20,000 रु० का व्यय अनुमानित है। उक्त दो डीजल जीपों हेतु एक-एक ड्राइवर वेतनमान रु० 950-1500 के दो पदों का सृजन किया जाना है। इस प्रकार दो डीजल जीपों के क्रय तथा दो ड्राइवर के पदों के सृजन पर वर्ष 1994-95 में कुल 5,97,000 रु० का व्यय अनुमानित है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 5,97,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2054— राजकोष और लेखा प्रशासन –आयोजनेतर

097— राजकोष स्थापना- (हजार रुपयों में)

01— मुख्य-

01—वेतन	24
03—महंगाई भत्ता	20
05—अन्य भत्ते	2
08—कार्यालय के प्रयोग के लिए स्टाफ कारें और अन्य मोटर गाड़ियों का क्रय	5,20
09—गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	30
32—अन्तरिम सहायता	1
योग	5,97

प्रदेश के 11 कोषागारों में पेंशनर्स को बैंक के माध्यम से सीधे पेंशन भुगतान की योजना लागू किया जाना

प्रदेश सरकार के पेंशनर्स को बैंक के माध्यम से पेंशन के सीधे भुगतान की योजना अत्याधिक सुविधाजनक एवं लोकप्रिय सिद्ध हुई है। अतः प्रदेश के 11 कोषागारों में उक्त योजना को उपलब्ध स्टाफ से ही क्रियान्वित करने का प्रस्ताव है । वित्तीय वर्ष 1994-95 के आया-व्ययक में योजना के लागू किये जाने के उद्देश्य से 11,000 रु० की आवश्यकता है।

तद्नुसार वित्तीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में उतनी ही धनराशि की व्यवस्था कर ली गयी है।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2054— खजाना तथा लेखा प्रशासन-आयोजनेतर --

097— खजाना स्थापना	(हजार रुपयों में)
01— मुख्य	
06— कार्यालय व्यय	11

प्रदेश के 6 उप कोषागारों में गार्डरूम एवं डबल लाक का निर्माण

सप्तम एवं नवम् वित्त आयोग के प्रतिवेदन पर निर्मित प्रदेश के 6 उप कोषागारों में अभी तक गार्डरूम निर्मित न होने तथा डबल लाक की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से उक्त उपकोषागारों का कार्य संचालन नहीं किया जा सका है। अतः वित्तीय वर्ष 1994-95 में मौदहा, हमीरपुर, कुल पहाड़ (हमीरपुर), बेरीनाग (पिथौरागढ़), थराली (चमोली), डुण्डा (उत्तरकाशी) एवं श्रीनगर (पौड़ी गढ़वाल) में गार्डरूम निर्मित किये जाने तथा डबल लाक की सुविधा उपलब्ध करने का प्रस्ताव है। इसके लिए वर्ष 1994-95 में 119,19,000 रु० का व्यय निहित है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 19,19,000 रुपये की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

4059— लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय आयोजनेतर -

01— कार्यालय भवन —	(हजार रुपयों में)
051— निर्माण -	
03— अष्टम वित्त आयोग की संस्तुतियों का कार्यान्वियन -	
0301— कोषागारों/उपकोषागारों हेतु गार्डरूम तथा पेंशनर्स प्याऊ आदि का निर्माण -	
18— वृहत निर्माण कार्य	19,19

प्रदेश के उपकोषागार भवनों का निर्माण

वर्तमान में प्रदेश के कतिपय उप कोषागारों हेतु भवन निर्मित न होने के कारण वे किराये के भवनों में संचालित हैं। अतः उक्त भवन रहित उप कोषागारों के भवन निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 1994-95 में 5 उप कोषागारों के भवन निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव है जिसके लिये इस वर्ष कुल 70,00,000 रु० की आवश्यकता है।

तद्नुसार वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 70,00,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2— आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन –

4059—लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–आयोजनेतर –

01— कार्यालय भवन – (हजार रुपयों में)

051— निर्माण –

03— अष्टम वित्त आयोग की संस्तुतियों का कार्यान्वयन –

0301— कोषागारों/उपकोषागारों हेतु भवन का निर्माण –

18—वृहत् निर्माण कार्य 70,00

विधान सभा सचिवालय

वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में सम्मिलित व्यय की नई मदें–आयोजनेतर

क्रम-संख्या	योजना का नाम	1994-95 में व्यय (हजार रुपयों में)				लेखा शीर्षक जिसके अन्तर्गत 1994-95 के आय-व्ययक में प्राविधान सम्मिलित किया जाना है	टिप्पणी का निर्देश पृष्ठ संख्या
		राजस्व लेखे का व्यय	पूंजी लेखे का व्यय		योग		
			पूंजीगत	ऋण			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सचिव विधान सभा के लिये नई कार का क्रय	1,98	–	–	1,98	2011—संसद/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधान मण्डल	181 न
	योग :	1,98	–	–	1,98		

विधान सभा सचिवालय

सचिव विधान सभा के लिए नई कार का क्रय

विधान सभा सचिवालय में सचिव विधान सभा के लिए एक नई एम्बेसडर कार का क्रय किया जाना प्रस्तावित है, जिस पर आगणन के अनुसार साज-सज्जा सहित कुल 1,98,000 रु० का अनावर्तक व्यय निहित है।

तद्नुसार वितीय वर्ष 1994-95 के आय-व्ययक में 1,98,000 रु० की व्यवस्था कर ली गई है।

2—आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि का लेखा शीर्षकों के अनुसार विभाजन :-

2011—संसद/राज्य/संघ/राज्य क्षेत्र विधान मण्डल—आयोजनेतर—

02— राज्य संघ/राज्य क्षेत्र विधान मण्डल——	(हजार रुपयों में)
103— विधान मण्डल सचिवालय	
01— विधान सभा सचिवालय	
08— कार्यालय के प्रयोग के लिये स्टाफ कारों और अन्य मोटर गाड़ियों का क्रय (मतदेय)	1,98

LIBRARY & DOCUMENTATION CEN
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-8272
.............05-10-94

पी०एस०यू०पी०-ए०पी०-119 सा० वित्त-11-1-94—(2857)—2,500—(कम्प्यूटर/आफसेट)

NIEPA DC
D08272